

जाहिर तौर पर हम उनसे (साहा) काफी है। उनका (साहा) टीम में होना शानदार है। वह एक पेशेवर है और उन्हें आईपीएल और क्रिकेट के सभी प्रारूपों का अच्छआ अनुभव है। **- गैरी कर्स्टन**

गुजरात टाइटंस के मार्गदर्शक, ऋद्धिमान साहा के बारे में।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

एच.एस. प्रणय

टखने में चोट के बाद भी अपने करियर की सबसे यादगार जीत में से एक दर्ज करने के बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में हार व मानने की मानसिकता ने उन्हें थॉमस कर सेमीफाइनल में डेनमार्क पर शानदार जीत के दौरान प्रेरित किया। प्रणय ने निर्णायक एकल मैच में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारतीय पुरुष टीम ने यहां डेनमार्क पर 3-2 सेज ीत के सात इतिहास रच दिया। भारतीय टीम पहली बार थॉमस कप के फाइनल में पहुंचने में सफल रही।

क्या आप जानते हैं ?... ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीड वुड स्मिथ ने इंग्लैंड के विरुद्ध 1932 में 87 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन है।

आईपीएल के आखिरी लीग मैच में पंजाब ने हैदराबाद को पांच विकेट से हराया

हरप्रीत बरार ने जीता मैन ऑफ द मैच का खिताब

मुम्बई, 22 मई। लियाम लिविंग्स्टन की पांच छक्कों से सजी 49 रन की तूफानी पारी की बदौलत पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल के परिणामं के लिहाज से महत्वहीन मुकाबले में रविवार को 29 गेंद शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। पंजाब ने इस तरह जीत के साथ आईपीएल में अपना अभियान समाप्त किया।

वही हरप्रीत बरार ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट लेकर मैन आफ दी मैच का खिताब जीता। हैदराबाद ने अभिषेक शर्मा (43), वाशिंगटन सुंदर (25) और रोमरियों शेफर्ड (नाबाद 26) की उपयोगी पारियों से 20 ओवर में आङ्ग विकेट पर 157 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया लेकिन पंजाब ने 15.1 ओवर में पांच विकेट पर 160 रन बनाकर आसान जीत हासिल कर ली। पंजाब की 14 मैचों में यह सातवीं जीत रही जबकि हैदराबाद 14 मैचों

में आङ्ग्वीं हार के साथ पंजाब से दो स्थान नीचे आठवें स्थान पर रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे हैदराबाद के लिए सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने 32 गेंदों पर 43 रन में पांच चौके और दो छक्के लगाए। राहुल त्रिपाठी ने 18 गेंदों में 20 और एडन मारक्रम ने 17 गेंदों में 21 रन बनाये। हैदराबाद ने अपना पांचवां विकेट 96 के स्कोर पर गंवा दिया था लेकिन इसके बाद सुंदर और शेफर्ड ने छठे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी की। सुंदर ने 19 गेंदों की अपनी पारी में तीन चौके हुए एक छक्का लगाया जबकि शेफर्ड ने 15 गेंदों की अपनी पारी में दो चौके और दो छक्के लगाए।

स्कोर बोर्ड

हैदराबाद	रन	गेंद	4	6
प्रियम गर्ग का मयंक बो रबाडा	4	7	0	0
अभिषेक का लिविंगस्टन बो हरप्रीत	43	32	5	2
त्रिपाठी का धिवन बो हरप्रीत	20	18	1	1
मार्करम स्टं जितेश बो हरप्रीत	21	17	2	0
निकोलस का जितेश बो एलिस	5	10	0	0
वॉशिंगटन का धवन बो नाथन	25	19	3	1
रोमारियो नाबाद	26	15	2	2
जगदीश का प्रेक बो नाथन	0	1	0	0
भुवनेश्वर रन आउट	1	1	0	0
उमरान नाबाद	0	1	0	0
अतिरिक्त :	12			
कुल : 20 ओवर में 8 विकेट पर 157 रन				
विकेट पतन : 1-14, 2-61, 3-76, 4-87, 5-96, 6-154, 7-154, 8-156				
गेंदबाजी : लिविंगस्टन 4-0-25-0, अर्शदीप 4-0-25-0, रबाडा 4-0-38-1, नाथन 4-0-40-3, हरप्रीत 4-0-26-3				

पंजाब	रन	गेंद	4	6
बेयरस्टो बो फजल	23	15	5	0
धवन बो फजल	39	32	2	2
शाहरुख का सुंदर बो उमरान	19	10	2	1
मयंक का जगदीश बो सुंदर	1	4	0	0
लिविंगस्टन नाबाद	49	22	2	5
जितेश का प्रियम बो जगदीश	19	7	3	1
प्रेरक नाबाद	4	1	1	0
अतिरिक्त :	6			
कुल : 15.1 ओवर में 5 विकेट पर 160 रन				
विकेट पतन : 1-28, 2-66, 3-71, 4-112, 5-133				
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 2-0-22-0, सुंदर 2-0-19-1, फजल 4-0-32-2, जगदीश 4-0-38-1, उमरान 2.1-0-24-1, रोमारियो 1-0-23-0				

पुजारा की टेस्ट टीम में वापसी, प्रसिद्ध कृष्णा नया चेहरा

नई दिल्ली, 22 मई। इंग्लैंड के ख़िलाफ़ होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए चेतेश्वर पुजारा की भारतीय टीम में वापसी हुई है। दक्षिण अफ्रीका में ख़राब प्रदर्शन के बाद पुजारा को श्रीलंका के ख़िलाफ़ खेली गई घरेलू टेस्ट सीरीज़ से बाहर कर दिया गया था। अब काउंटी क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर उन्होंने टीम में वापसी की है।

चोट के कारण आईपीएल से बाहर हुए रवींद्र जडेजा को भी 17 सदस्यीय दल में जगह मिली है, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा नए चेहरे हैं। इंग्लैंड के ख़िलाफ़ यह टेस्ट एक से पांच जुलाई के बीच एजबेस्टन में खेला जाएगा।

इंग्लैंड के ख़िलाफ़ एकमात्र टेस्ट के लिए भारतीय दल- रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, चेतेश्वर पुजारा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रवि अश्विन, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, प्रसिद्ध कृष्णा।

पर्वतारोही पियाली बसाक ने एवरेस्ट पर फहराया तिरंगा

कोलकाता, 22 मई। पश्चिम बंगाल से आने वाली पर्वतारोही पियाली बसाक ने रविवार को एक नयी उपलब्धि हासिल करते हुए बिना पूरक ऑक्सीजन के माउंट एवरेस्ट (8848 मी) की चढ़ाई पूरी की। एक अक्टूबर, 2021 को माउंट धौलागिरी-1 (8167 मीटर) को सफलतापूर्वक फतह करने वाली बसाक पूरक ऑक्सीजन के बिना दुनिया के सातवें सबसे ऊंचे पर्वत के शिखर पर पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। एक रिपोर्ट में काठमांडू में उनके एजेंट कार्यालय मेसर्स पायनियर के हवाले से कहा गया कि उन्होंने एवरेस्ट पर पहुंचने के बाद लगभग सुबह नौ बजे राष्ट्रीय तिरंगा फहराया। संदेश में कहा गया कि पियाली बसाक बिना पूरक ऑक्सीजन समर्थन के दुनिया के शीर्ष पर पहुंच गई हैं।

पियाली बसाक पूरक ऑक्सीजन समर्थन के बिना माउंट एवरेस्ट और माउंट ल्होत्से को फतह करने के लिए निकली थीं। धन की कमी के कारण उन्हें अपना अभियान लगभग छोड़ना पड़ा था, लेकिन आखिरकार उन्हें शुक्रवार की सुबह एवरेस्ट के लिये अनुमति मिल गई। पियाली बसाक ने शनिवार को शाम सात बजे (नेपाली समय) के आसपास अपना सफ़र शुरू किया और नेपाल की ओर से एक शेरपा गाइड के साथ लगभग सुबह नौ बजे (नेपाली समय) शिखर पर पहुंच गयीं। पियाली बंगाल की पहली महिला हैं जिन्होंने बिना ऑक्सीजन की बोतल के एवरेस्ट पर चढ़ाई की है, जो कम से कम 27,000 फीट ऊपर है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एक दिन के आराम के बाद, हुगली जिले के चंदननगर की पियाली सोमवार को बिना ऑक्सीजन की बोतल के 8,516 मीटर की ऊंचाई पर दुनिया के चौथे सबसे ऊंचे पर्वत ल्होत्से पर चढ़ाई का प्रयास करेंगी।

मैदान पर मौजूद खिलाड़ी आश्वस्त नहीं थे, इसलिये रिव्यू नहीं लिया : रिषभ पंत

मुंबई, 22 मई । दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियन्स के बीच शनिवार को खेले गये आईपीएल मैच में जब टिम डेविड बल्लेबाज़ी करने आये तो मुंबई को 33 गेंदों पर 65 रन चाहिये थे। डेविड की पारी की पहली गेंद उनके बल्ले का किनारा छूकर रिषभ पंत के दस्तानों में जा पहुंची।

हल्की आवाज़ आने पर पंत ने अपील भी की, लेकिन अंपायर ने आउट नहीं दिया और कुछ सोच-विचार करने के बाद पंत ने रिव्यू भी नहीं लिया। उस समय दिल्ली कैपिटल्स के पास दोनों रिव्यू बाकी थे। इसके बाद डेविड ने 10 गेंदें खेलकर ताबड़तोड़ 34 रन बनाये और मुंबई पांच गेंदें रहते मैच जीत गयी।

मैच के बाद स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए पंत ने कहा कि मैदान पर मौजूद अन्य खिलाड़ी विकेट को लेकर आश्वस्त नहीं थे इसलिये उन्होंने रिव्यू नहीं लिया उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि वहां कुछ था, इसलिये मैंने



बाकियों से पूछा कि क्या हमें रिव्यू लेना चाहिये। सर्कल में खड़े अन्य लोग पूरी तरह आश्वस्त नहीं थे। अंततः, मैंने रिव्यू नहीं लिया। दूसरी ओर दिल्ली के हेड कोच रिकी पॉन्टिंग ने कहा कि उनकी टीम सिर्फ एक निर्णय की वजह से मैच नहीं हारी, बल्कि उनकी हार के अन्य कारण भी थे उन्होंने पोस्ट मैच कांफ्रेंस में कहा कि मैच के एक पहलू पर उंगली रखकर बताना हमेशा मुश्किल होता है। मैच की शुरुआत में हमारे ऊपरी क्रम के बल्लेबाज़ों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। हमने करीब 30-40 रन पर चार विकेट खो दिये थे। यह एक टी20 मैच की अच्छी शुरुआत नहीं थी। खासकर ऐसे मैच की जिसे जीतना हमारे लिये आवश्यक था।"

पॉन्टिंग ने कहा कि टिम डेविड पहली बॉल पर करीब-करीब आउट होने के बाद अच्छा खेले, लेकिन मैच के ऐसे कई पहलू हैं जिनसे हम निराश होंगे। महत्वपूर्ण यह है कि खिलाड़ी ऐसे मैचों से कुछ न कुछ सीखेंगे। अंततः, मैं बहुत दुखी महसूस कर रहा हूं कि मैच हमारे हाथों से फिसल गया जब उन्हें आखिरी सात या आठ ओवरों में 12 रन प्रति ओवर चाहिये थे।"

मध्यप्रदेश को 3-0 से हराकर यूपी तीसरे स्थान पर

इंफाल, 22 मई। बेहतरीन तालमेल और तेजतर्रार खेल का प्रदर्शन करते हुये उत्तर प्रदेश ने 12वीं हाकी इंडिया सब जूनियर महिला हाकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश को 3-0 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त कर लिया। प्रतियोगिता का फाइनल आज शाम छह बजे हरियाणा और झारखंड के बीच खेला जायेगा।

खुमार लंपाक हाकी स्टेडियम में रविवार सुबह खेले गये मुकाबले में यूपी की लड़कियां पूरे मैच में प्रतिद्वंदी टीम पर हावी रहीं। मैच के पहले क्वार्टर के चौथे और पांचवें मिनट पर पीताबंरी कुमारी और प्रीति पटेल ने मध्य प्रदेश की रक्षा पंक्ति को तहस नहस करते हुये शानदार फील्ड गोल किये जबकि मैच के 58वें मिनट पर कंचन कुमारी ने एमपी की गोलकीपर कृषा परिहार को चकमा देते हुये तीसरा गोल दाग कर अपनी टीम की जीत की पटकथा लिख दी।

प्रतियोगिता में यूपी की लड़कियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। यूपी टीम ने पहले लीग मैच में गुजरात को 21-0 से रौंद कर अपने सफर की शुरूआत की थी जबकि बाद में उसने छत्तीसढ़ को 8-2 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी, और चंडीगढ को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में यूपी को कड़े संघर्ष में झारखंड से 1-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी और उसका खिताब जीतने का सपना चकनाचूर हो गया।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिये भारतीय टीम घोषित

रोहित और विराट सहित कई बड़े नामों को आराम, राहुल को कप्तानी

नई दिल्ली, 22 मई। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ़ आगामी टी20 सीरीज़ के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। टी20 टीम में कप्तान रोहित शर्मा सहित विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। केएल राहुल इस टीम की कमान संभालेंगे, जिसमें हार्दिक पांड्या और दिनेश कार्तिक की वापसी हुई है। तेज गेंदबाज उमरान मलिक और अर्शदीप सिंह इस टीम के नए चेहरे हैं। ऋषभ पंत को टी20 टीम का उपकप्तान बनाया गया है।

चोट से उबरने के बाद हार्दिक पांड्या को टीम में शामिल किया गया है। साथ ही आईपीएल में विस्फोटक बल्लेबाज़ी करने के बाद दिनेश कार्तिक को भी टीम में वापिस बुलाया गया है। पंजाब किंग्स के लिये वर्षों से बेहतरीन प्रदर्शन करते आ रहे अर्शदीप सिंह और आईपीएल 2022 में अपनी तेज़ रफ्तार गेंदबाज़ी से सबका ध्यान अपनी ओर खींचने वाले उमरान मलिक को पहला कॉल-अप भेजा गया है।

टीम- केएल राहुल (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, इशान किशन, दीपक हुड्डा, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (उपकप्तान/विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, वेंकटेश अय्यर, युज़वेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, आवेश ख़ान, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक।

बहरीन पैरा बैडमिंटन में भारत ने 7 स्वर्ण सहित 23 पदक जीते

मनामा, 22 मई। शीर्ष पैरा शटलर प्रमोद भगत और तरुण ढिल्लों के दो-दो स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही भारतीय पैरा बैडमिंटन टीम ने पहली बहरीन पैरा बैडमिंटन अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2022 में सात स्वर्ण सहित 23 पदकों के साथ अपना सफर समाप्त किया। होनहार युगल शटलर मनीषा रामदास ने दो स्वर्ण पदक जीते, जबकि नित्या सेरे सुमति सिवन (डब्ल्यूएस एसएच 6) और धिनगरन पांडुरंगन और शिवराजन सोलाईमलाई (डबल एसएच 6) ने भारत को अन्य पदक दिलाये।

एशिया कप के पहले दिन भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान

जकार्ता, 22 मई। हीरो एशिया कप का मौजूदा चैम्पियन भारत इस बार के अपने एशिया कप की शुरुआत सोमवार को पाकिस्तान के खिलाफ जीबीके एरिना में करेगा। रोमांच से भरपूर पहले दिन में मलेशिया का सामना ओमान से होगा, जो एक पखवाड़े पहले थाईलैंड में अपने एशियाई खेलों के क्वालीफायर की सफलता के बाद आत्मविश्वास से भरे हुए हैं।

एशियाई चैम्पियन्स ट्रॉफी खिताब धारक कोरिया पूल बी मैचों में बांग्लादेश से खेलेगा, जबकि जापान, जो एशियाई खेलों का गत चैंपियन भी है, मेजबान इंडोनेशिया से भिड़ेगा। एशियाई हॉकी महासंघ कैलेंडर में इस टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में, जो विश्व कप क्वालीफायर भी है, भारत ने ढ ाका में आयोजित फाइनल में मलेशिया को 2-1 से हराया था। भारत और पाकिस्तान दोनों ने तीन-तीन बार एशिया कप का अपने नाम किया है।

भारत ने अनुभवी कप्तान बीरेंद्र लाकड़ा और उपकप्तान एसवी सुनील के साथ खेलने के लिये एक युवा टीम का चयन किया है। टोक्यो ओलंपिक खेलों में स्टार प्रदर्शन करने वाले सिमरनजीत सिंह लंबी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। टीम को दो बार के ओलंपियन और पूर्व कप्तान सरदार सिंह टीम के साथ कोच के रूप में जुड़ेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ अपने शुरुआती मैच की पूर्व संध्या पर बोलते हुए, लाकड़ा और सुनील दोनों ने उच्च दबाव वाले खेल में युवाओं का मार्गदर्शन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सुनील ने कहा, दबाव हमेशा (पाकिस्तान के खिलाफ) होता है।

हार के बावजूद पोंटिंग ने रिषभ पंत का समर्थन किया

मुंबई, 22 मई। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ शनिवार का मुकाबला हारकर आईपीएल 2022 से बाहर होने के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग ने बतौर कप्तान पंत का समर्थन किया है।

मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में पोंटिंग ने कहा कि मुझे कोई संदेह नहीं है कि, पिछले सीज़न भी, पंत कप्तानी के लिये सही विकल्प थे। जब आप वक्त में पीछे जाकर देखेंगे, श्रेयर (अय्यर) चोटिल हो गये थे और रिषभ ने कप्तानी संभालते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया था। पिछले सीज़न हम अंक तालिका में सबसे ऊपर थे। हम आखिरी दो मैच भले ही हार गये थे, लेकिन मुझे कोई शक नहीं है कि पंत कप्तान के तौर पर सही विकल्प हैं।"

पोंटिंग ने कहा कि वह अभी भी युवा हैं। वह अभी भी कप्तानी के बारे में बहुत कुछ

सीख रहे हैं। एक टी20 टीम का कप्तान होना आसान नहीं है, वह भी आईपीएल जैसी बड़ी लीग में। दुर्भाग्यवश, जब आप इतने बड़े खिलाड़ी होते हैं तो आपके हर फैसले, हर कदम पर सवाल उठाए जाते हैं। इसलिये उन्हें मेरा पूरा समर्थन है, और उम्मीद है कि अगले साल हम फिर एक साथ काम करेंगे। पंत के विपक्षी कप्तान रोहित शर्मा ने भी पंत का समर्थन करते हुए कहा कि वह एक बेहतरीन कप्तान हैं।

रोहित शर्मा ने कहा कि वह एक बेहतरीन कप्तान हैं। कभी-कभी चीज़ें आपके अनुसार नहीं चलतीं। मैं इस स्थिति में रहा हूं और मैं उन्हें अभी यही बता रहा था। कभी-कभी चीज़ें आपकी योजना के अनुसार नहीं होतीं। इसमें कुछ बुराई नहीं है। इस सब से आप बहुत कुछ सीख सकते हैं। रोहित ने कहा कि पंत विकेट के पीछे से खेल को बहुत अच्छी तरह पढ़ ते हैं और ऐसे दबाव वाले टूर्नामेंट में छोटी-मोटी गलतियां होती रहती हैं। उन्होंने कहा कि अपना आत्मविश्वास न खोना बेहद महत्वपूर्ण है। रोहित ने कहा कि पंत आत्मविश्वास वाले खिलाड़ी हैं और अगले सीज़न वह मज़बूत वापसी करेंगे।

मैं पहली बार खराब फॉर्म से नहीं जूझ रहा हूं : रोहित

मुम्बई, 22 मई। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा इस आईपीएल में अपने प्रदर्शन से काफ़ी निराश हैं लेकिन उनका मानना है कि वह जल्द ही वापसी करेंगे। इस सीज़न खेले कुल 14 मुक़ाबलों में वह केवल 19.14 की औसत और 120 के स्ट्राइक रेट से 268 रन ही बना पाए। ऐसा पहली बार हुआ जब आईपीएल के किसी सीज़न में वह एक अर्धशतक तक नहीं बना पाए।

रोहित ने अपनी फ़ॉर्म पर चर्चा करते हुए कहा कि काफ़ी चीज़ें मेरे अनुरूप नहीं गईं। हालांकि यह चीज़ें पहले भी मेरे साथ हो चुकी हैं लिहाज़ा मैं पहली बार इन परिस्थितियों का सामना नहीं कर रहा हूं। मुझे पता है कि क्रिकेट यहां समाप्त नहीं होती अभी आगे काफ़ी क्रिकेट खेलनी है।

मुझे मानसिक पहलू पर थोड़ा काम करने की ज़रूरत है ताकि मैं वापस अपनी लय प्राप्त कर सकूं। मुझे बस थोड़े से समायोजन की

दरकार है और जब भी मुझे खाली समय मिलेगा मैं इस पर काम करूंगा। रोहित की ख़राब फ़ॉर्म का खामियाज़ा टीम को भी भुगतना पड़ा। मुंबई इस सीज़न के पहले आठों मुक़ाबले हार गई। पिछले छह मुक़ाबलों में उन्होंने चार मुक़ाबले ज़रूर अपने नाम किए लेकिन तब तक काफ़ी देर हो चुकी थी। रोहित ने इस सीज़न मुंबई के प्रदर्शन पर बात करते हुए कहा कि यह सीज़न हमारे लिए काफ़ी निराशाजनक रहा, हम सीज़न की शुरुआत में अपनी योजनाओं को धरातल पर नहीं उतार सके। आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में आपको मॉमेंटम बनाना पड़ता है।

शुरुआत में हम एक के बाद एक लगातार मुक़ाबले हारते रहे। हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण यह था कि हम योजनाओं को अपने हिसाब से मैदान में लागू करें लेकिन चीज़ें वैसी घटित नहीं हुईं जैसा हम चाहते थे। हालांकि एक नई टीम के साथ ऐसा होता है क्योंकि खिलाड़ियों को अपनी भूमिकओं को समझने में समय लगता है। कुछ खिलाड़ी इस फ्रैंचाइज़ी के लिए पहली बार खेल रहे थे, अपनी राष्ट्रीय, राज्य या दूसरी लीग में वह जो भूमिका निभाते हैं उसके मुक़ाबले यहां उन्हें दूसरी भूमिकाएं दी गई थीं और यही वजह रही कि उन्हें नई भूमिकाओं से तालमेल बनाने में समय लग गया।"

स्वदेशी मार्शल आर्ट कलारीपयट्टू के लिये यूपी की टीम ने कमर कसी

लखनऊ, 22 मई। पंचकूला हरियाणा में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में स्वदेशी मार्शल आर्ट कलारीपयट्टू के लिये उत्तर प्रदेश टीम के चयन और प्रशिक्षण के लिये तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। चौक स्टेडियम इंडोर हॉल में शिविर का उद्घाटन पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर केरल से आए कलारीपयट्टू प्रशिक्षक एक्सपर्ट्स व प्रदेश के खिलाड़ियों ने खेल की विभिन्न तलवारबाजी, लाठी, उर्मी जैसी पारंपरिक विधाओं का प्रदर्शन भी किया। यूपी कलारीपयट्टू एसो. के सीईओ प्रवीण गर्ग ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर में विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये केरल से खेल के एक्सपर्ट श्रीजयन, अनश्वरा, श्रीलक्ष्मी, कीर्थना कृष्ण को बुलाया गया है ताकि प्रदेश की टीम खेलो इंडिया में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त कर देश का नाम रोशन करे।

हरियाणा ने जीता महिला जूनियर हॉकी का खिताब

इंफाल 22 मई। खेल के हर विभाग में झारखंड को 19 साबित करते हुये हरियाणा ने रविवार को 12वीं हाकी इंडिया सब जूनियर महिला हाकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। इससे पहले सुबह के सत्र में उत्तर प्रदेश ने मध्य प्रदेश को 3-0 से हरा कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। खुमार लंपाक हाकी स्टेडियम में रविवार शाम खेले गये फाइनल मुकाबले में हरियाणा के खिलाड़ियों ने तालमेल और सूझबूझ के खेल का प्रदर्शन करते हुये झारखंड पर शुरू से ही दबाव बनाना शुरू कर दिया, नतीजन खेल के 13वें मिनट में रिया ने झारखंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुये अपनी टीम के लिये पहला गोल दागा। बाद के क्वार्टर में दोनो ही टीमों ने एक दूसरे पर हमले किये मगर कोई भी टीम इसे गोल में तब्दील नहीं कर सकी। हरियाणा की ओर से दूसरा निर्णायक गोल 39वें मिनट में सेजल ने किया और अपनी टीम को ड्राइविंग सीट पर बैठा दिया। आखिरी के 15 मिनट झारखंड की लड़कियों ने गोल करने का भरपूर प्रयास किया जिसे हरियाणा की चपल रक्षा पंक्ति ने विफल कर दिया और अंततः हरियाणा को चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त हुआ।